>

Title: Need to provide adequate compensation to farmers whose land has been acquired for Delhi-Howrah Freight Corridor Project in Fatehpur parliamentary constituency in Uttar Pradesh.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र फतेहपुर से दिल्ली-हावड़ा रेल फ्रेट कारीडोर प्रोजेक्ट गुजर रही है। इस नई रेल लाईन का निर्माण दोनों देश भारत एवं जापान के कलोबरेशन की कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है और उक्त रेलवे प्रोजेक्ट के लिए किसानों की उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण किया गया है। किसानों की उपजाऊ जमीन का मुआवजा बहुत ही कम निर्धारित किया गया है। किसानों को मुआवजे के रूप में एक किस्त कुछ धनराशि के रूप में दी गयी है। इस नई रेल लाईन के निर्माण से जहां रेलवे को फायदा होगा परंतु किसानों का अत्यधिक नुकसान होने के कारण उनमें काफी रोष है। फतेहपुर क्षेत्र में रेल लाईन में औंग, कुंवरपुर, खागा और बहरामपुर स्थिति रेल फाटक घटों बंद रहते हैं जिससे इन फाटकों में हमेशा जाम बना रहता है तथा नई लाईन के निर्माण से जाम की स्थिति और भी खराब हो जायेगी, इसे देखते हुये इन स्थानों पर नए रेल ओवर ब्रिज का निर्माण किए जाने की अत्यन्त आवश्यकता है। फतेहपुर स्टेशन में प्लेटफार्म संख्या 4 के लेबल को ऊंचा किया जाये, प्रत्येक प्लेटफार्मों में ठंडे पानी की दो-दो मशीनों को लगाये जाने की अत्यंत आवश्कयता है तथा रेल टिकट खिड़की व आरक्षण काउंटरों की संख्या को बढ़ाया जाये।

अतः मैं मांग करता हूं कि फतेहपुर जनपद के किसानों की अधिगृहित जमीन का मुआवजा बढ़ा कर शेष बचे हुए मुआवजा राशि को जल्द दिये जाने की व्यवस्था की जाये साथ ही उनके परिवार के एक सदस्य को योग्यता के अनुसार रेलवे में नौकरी भी दी जाये तथा रेलवे ओवर ब्रिजों का निर्माण अति शीघ्र कराये जाने के साथ उठाये गये सभी मुद्दों पर यथाशीघ्र कार्यवाही की जाये।